करुणा निधि नाम तेरा करुणा

करुणा निधि नाम तेरा करुणा बरसा जाओ
मुझे तेरी ज़रूरत है फुर्सत है तो आ जाओ
करुणा निधि नाम तेरा ....

बेदर्द ज़माने ने ठोकर जो लगाई है
हर दर्द की सांवरिया तेरे पास दवाई है
प्रभु प्यार से आकर के दो घूँट पिला जाओ
करुणा निधि नाम तेरा ....

तुझे अपना समझने का अधिकार हमारा है
दीनो के लिए होता अवतार तुम्हारा है
हे कलयुग अवतारी मेरी पीड़ा मिटा जाओ
करुणा निधि नाम तेरा ....

हम दुखियों की खातिर दरबार लगाते हो
जो हार के आता है उसको अपनाते हो
हारा हुआ प्राणी हूं मेरा साथ निभा जाओ
करुणा निधि नाम तेरा ....

मेरा दिल ये पुकार रहा तेरी बाँट निहार रहा
क्यों देर लगाई है क्या कर श्रृंगार रहा
बिन्नू मन व्याकुल है प्रभु धीर बंधा जाओ
करुणा निधि नाम तेरा ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19204/title/karuna-nidhi-nam-tera-karuna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |